सत्यमेव जयते
Department of Science & Technology
Government of India

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी)**

**द्वारा**

**29 जून से 4 जुलाई 2025 के दौरान लिंडाओ, जर्मनी में नोबल पुरस्कार विजेताओं एवं छात्रों की 74वीं बैठक में सहभागिता पुरस्कार**

**अंतिम तिथि: 30 सितंबर, 2024**

1951 से प्रत्येक वर्ष, रसायन विज्ञान, भौतिकी, शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्साशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता विश्वभर के छात्रों के साथ अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए जर्मनी के लिंडाओ में बैठक करते रहे हैं। इन बैठकों में नोबेल पुरस्कार विजेताओं के एकाधिक ज्ञान शाखागत विषयों पर व्याख्यान, उनके साथ पैनल/गोलमेज चर्चा और अनौपचारिक लघु-समूह बैठकें शामिल हैं। डीएसटी 2001 से इन बैठकों में छात्रों/युवा अनुसंधानकर्ताओं के समूह को भेज रहा है।

इसका अभिप्राय 29 जून से 04 जुलाई 2025 के दौरान नोबेल पुरस्कार विजेताओं और छात्रों की 74वीं बैठक में भारतीय छात्रों/युवा अनुसंधानकर्ताओं ऐसे समूह को भेजना है, जो रसायन विज्ञान के लिए समर्पित है।

उपरोक्त विषय के मेधावी और युवा छात्रों तथा अनुसंधानकर्ताओं से इस पुरस्कार का लाभ उठाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ये व्याख्यान और चर्चाएं छात्रों/अनुसंधानकर्ताओं के अनुसंधान करियर की शुरूआत में उपयुक्त हैं। बैठक का अधिक विवरण www.lindau-nobel.org पर देखा जा सकता है।

**पुरस्कार की शर्तें:**

चयनित सहभागियों को बैठक में भाग लेने के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रा संबंधी खर्च, स्थानीय परिवहन, आवास (दो व्यक्तियों द्वारा साझाकरण आधार) और भोजन प्रदान किया जाएगा। चयनित छात्रों के लिए जर्मनी में पूरे सप्ताह के कार्यक्रम के साथ-साथ जर्मनी जाने से पहले दिल्ली में ब्रीफिंग बैठक में भाग लेना अनिवार्य है। चयनित छात्रों का भारतीय दल दिल्ली से लिंडाओ के लिए रवाना होगा और नोबेल पुरस्कार विजेताओं की बैठक के पूरा होने के बाद वापस दिल्ली लौट आएगा। उक्त अवधि के दौरान निर्धारित कार्यक्रम के अलावा उम्मीदवारों द्वारा अन्य संस्थानों में व्यक्तिगत या अन्य यात्राओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह अनिवार्य है कि चयनित उम्मीदवार कार्यक्रम के पूरा होने के बाद निर्धारित समय-सीमा में लिंडाओ बैठक पर रिपोर्ट और डीएसटी द्वारा अपेक्षित कोई अन्य सूचनागत दस्तावेज प्रस्तुत करें।

सहभागियों के साथ किसी भी अनुरक्षक/साथी को अनुमति नहीं दी जाएगी और इस अवधि के दौरान व्यक्तिगत कार्यक्रम के लिए किसी भी अनुरोध पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। आवेदकों को चयन के बाद मनोनयन वापस लेने की भी अनुमति नहीं होगी।

**<u>पात्रता</u>**

i. भारत में शोध संस्थानों/विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत/कार्यरत/संबद्ध केवल भारतीय विज्ञान छात्र (नागरिकता के आधार पर) पात्र हैं।
ii. इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी के छात्र पात्र नहीं हैं।
iii. जर्मनी/विदेश में अध्ययनरत और पोस्ट-डॉक/इंटर्नशिप कर रहे/या वहां रह रहे भारतीय छात्र भी इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं।

**नामांकित किए जाने वाले सहभागियों की तीन श्रेणियां हैं:**

क. निष्णात छात्र

ख. डॉक्टरेट छात्र और

ग. **35** वर्ष से कम आयु के युवा पोस्ट-डॉक्टरल अनुसंधानकर्ता

**सभी चयनित सहभागी-**

- विज्ञान और अनुसंधान में वास्तविक रुचि दर्शाएंगे,
- अध्ययन के अपने प्रधान क्षेत्र और एकाधिक ज्ञानशाखागत कार्य के लिए ठोस प्रतिबद्धता दर्शाएंगे,
- अकादमिक सलाहकारों और/अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, जो आवेदक को भली-भांति जानते हैं, द्वारा उनके आवेदन का प्रबल समर्थन प्राप्त हो **<u>(दो विस्तृत सिफारिश पत्र आवश्यक हैं).</u>**
- धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलेंगे, चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी हेतु सक्षम होंगे
- पुरस्कार विजेताओं और युवा वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए तत्पर होंगे
- **आह्वान की अंतिम तिथि अर्थात 30 सितंबर, 2024 को 35 वर्ष** से अधिक आयु के नहीं होंगे,
- पिछली लिंडाओ बैठकों में भाग नहीं लिए हुए होंगे,
- पूर्णतः भरे हुए आवेदन डीएसटी को और डीएसटी द्वारा लघुसूचीयन के बाद लिंडाओ वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करेंगे (अपूर्ण आवेदन तुरंत अस्वीकृत कर दिया जाएगा),
- बैठक की पूरी अवधि में उपस्थित रहने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करेंगे।
- पाठ्येतर गतिविधियों में शामिल होंगे

**<u>प्रत्येक श्रेणी में अतिरिक्त पात्रता अपेक्षाएं निम्नलिखित हैं:</u>**

**श्रेणी-ए: निष्णात छात्र, जो**

- रसायन विज्ञान और संबंधित विषयों में एक ठोस सामान्य ज्ञान प्रदर्शित करें,
- स्वतंत्र अनुसंधान अनुभव प्रदर्शित करें,

- उत्कृष्ट अनुसंधान कर चुके हों, जो उदाहरण के लिए, प्रकाशनों, सम्मेलन प्रस्तुतियों, अनुदानों या अन्य शैक्षणिक पुरस्कारों द्वारा प्रमाणित हो
- एमएससी के प्रथम वर्ष या 5 वर्षीय एकीकृत मास्टर कार्यक्रम के चौथे वर्ष में कक्षा में योग्यता क्रम से शीर्ष तीन में हों। आवेदन के साथ विभाग के प्रमुख से रैंक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है।

**श्रेणी-ख: डॉक्टरेट के छात्र, जो:**

- उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियां प्रदर्शित करते हैं
- कुछ बहुत अच्छे अनुसंधान कार्य प्रस्तुत कर चुके हों
- उत्कृष्ट अनुसंधान कर चुके हों, जो उदाहरण के लिए, प्रकाशनों, सम्मेलन प्रस्तुतियों, अनुदानों या अन्य शैक्षणिक पुरस्कारों द्वारा प्रमाणित हो
- पीएचडी में पंजीकरण की तारीख से दो साल पूरे कर लिए हों
- एम एससी. में योग्यता क्रम से शीर्ष तीन में हो।

**श्रेणी-ग: पोस्टडॉक्टरेट वैज्ञानिक, जो:**

- करियर के शुरुआती चरण में हैं (अर्थात 5 साल तक का पोस्टडॉक्टरल अनुभव, डॉक्टरल डिग्री के बाद इष्टतम लगभग 2-3 साल)
- अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक बैठकों में अपने काम को अधिमानतः व्याख्यानदाता (आमंत्रित) के रूप में प्रस्तुत कर चुके हों
- प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में, अधिमानतः मुख्य लेखक के रूप में, अपने स्वयं के वैज्ञानिक अनुसंधान परिणामों को प्रकाशित कर चुके हों,
- एम एससी. में योग्यता क्रम से शीर्ष तीन में हो।

**<u>आवेदन प्रक्रिया :</u>**

पूर्ण आवेदन में निम्नलिखित शामिल होंगे:

क) विधिवत रूप से अनुप्रमाणित आवेदन में प्रदान की गई जानकारी को पुष्ट करते हुए पुरस्कारों/प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों के एक सेट के साथ निर्धारित संरूप (उपाबंध-I) में संस्थान प्रमुख द्वारा विधिवत रूप से अग्रेषित मूल आवेदन का पूरा सेट ।

ख) किसी शिक्षाविद् और/या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध वैज्ञानिकों से, जो आवेदक को अच्छी तरह से जानते हों, कम से कम दो संदर्भ पत्र,

ग) आवेदन पत्र की सॉफ्ट कॉपी केवल पीडीएफ संरूप मे rajivarc@nic.in को ईमेल के रूप में संलग्न की जाए। सॉफ्टकॉपी का उपयोग केवल मूल्यांकन के उद्देश्य से किया जाएगा।

घ) **<u>हालाँकि, अंतिम तिथि को या उससे पहले डाक द्वारा प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा।</u>**

**ड.) डीएसटी में दस्ती आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

च) डाक विलंब या संबंधित अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा अग्रेषण में देरी आदि सहित किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। **इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी।**

**परिपूर्ण आवेदनों की हार्डकॉपी निम्नलिखित को 01 अक्तूबर 2024 को 17.00 बजे तक प्रस्तुत करनी होगी:.**

**डॉ. राजीव कुमार**
**वैज्ञानिक-एफ**
**अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग**
**कमरा नंबर-**19ए, **पुराना एस एंड टी ब्लॉक-**1
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग**
**प्रौद्योगिकी भवन**, **न्यू महरौली रोड**,
**नई दिल्ली-**110016
**ईमेल-:** rajivarc@nic.in

**उपाबंध-I**

**आवेदन संरूप**

1. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन और नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकृत किया जाएगा।
2. आवेदन के समय उम्मीदवारों के पास वैध पासपोर्ट होना चाहिए।
3. आवेदन जमा करने के बाद प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों/सूचनाओं पर विचार/स्वीकार नहीं किया जाएगा
4. आवेदन की हस्तलिखित/अग्रिम प्रति किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।
5. आवेदन को एक ही सेट में और उचित क्रम में सुस्पष्ट मुद्रांकित/टैग किया जाना चाहिए तथा अलग से कोई कागज/दस्तावेज नहीं होना चाहिए।
6. संदर्भ पत्र को अलग से सील या पैक करने की आवश्यकता नहीं है, अपितु उसे आवेदन के सेट के साथ ही संलग्न किया जाना चाहिए। मेल और अलग डाक के माध्यम से भेजे गए संदर्भ पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। लिंडाओ फाउंडेशन के दिशा-निर्देश **उपाबंध-II** देखें।

| | |
|---|---|
| आवेदित विषय : **रसायन विज्ञान**<br>आवेदित श्रेणी: **क / ख/ ग**<br>(कृपया उपयुक्त श्रेणी पर सही का चिह्न लगाएं) | पासपोर्ट आकार का हालिया फोटोग्राफ |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | डा./श्री/सुश्री |
| 2. | i) जन्मतिथि:<br>i) 30-09-2024 को आयु | |
| 3. | वर्तमान पदनाम/पद | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | संस्थान का पता : | | |
| 5. | आवासीय पता : | | |
| 6. | संपर्क दूरभाष सं. | (संस्थान) | |
| | | (आवास) | |
| | | (मोबाइल) | |
| 7. | ईमेल पता (पावती तथा सामान्य पत्राचार के लिए) | | |
| 8. | पासपोर्ट विवरण (संख्या, जारी करने की तारीख, जारी करने का स्थान, वैधता, किसके द्वारा जारी किया गया) | | |

9. पूर्ण/ प्रत्याशित शैक्षणिक अर्हता

| उत्तीर्ण/अध्ययनरत परीक्षा | उत्तीर्णता का वर्ष | विषय/ मुख्य विशेषज्ञता | विद्यालय/महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय | अंकों का %/श्रेणी एवं रैंक |
|---|---|---|---|---|
| 10वीं कक्षा | | | | |
| 12वीं कक्षा | | | | |
| बी.एससी. | | | | |
| एम. एससी. | | | | |
| पीएच.डी. | | | | |
| पोस्ट-डॉक और/या वर्तमान अनुसंधान कार्य | | | | |

| | |
|---|---|
| 10. | स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त अकादमिक पुरस्कार (कृपया केवल शीर्ष 3 अकादमिक पुरस्कारों का ही उल्लेख करें) |
| 11. | रुचि के विशिष्ट क्षेत्र (केवल एक लाइन में) |

| | |
|---|---|
| 12. | अभिप्रेरण: (कृपया आधे पृष्ठ में लिखें कि आप इस बैठक में क्यों भाग लेना चाहते हैं; लिंडाऊ बैठक के बाद अपेक्षित लाभ और भविष्य की योजना क्या है)<br>नोट: कृपया वांछित जानकारी इस स्थान में प्रदान करें और यह आधे पृष्ठ से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस जानकारी को प्रदान करने के लिए कोई उपाबंध संलग्न नहीं करना है। |
| 13. | शोध अभिरुचि/उद्‌भावनाओं/उपलब्धियों पर आलेख (एक पृष्ठ से अधिक नहीं) और प्रकाशनों की सूची, यदि कोई हो<br><br>नोट: कृपया वांछित जानकारी निर्धारित स्थान पर उपलब्ध कराएं। इस जानकारी को उपलब्ध कराने के लिए कोई उपाबंध संलग्न नहीं करना है। |

**उम्मीदवार द्‌वारा घोषणा:**

मैं एतदद्‌वारा घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई सभी जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य है। इसके अलावा, चयनित होने की स्थिति में, मैं वचन देता/देती हूँ कि-

(1) नोबेल पुरस्कार विजेताओं एवं छात्रों द्‌वारा बैठक में भाग लेने के प्रस्ताव को स्वीकार करूंगा/करूंगी तथा पूरे कार्यक्रम में भाग लूंगा/लूंगी तथा यात्रा के दौरान किसी भी व्यक्तिगत कार्यक्रम के लिए प्रयास नहीं करूंगा/करूंगी।

(2) मैं बैठक में भाग लेते समय डीएसटी और लिंडाऊ काउंसिल के सभी नियमों, विनियमों, निर्देशों का पालन करूंगा/करूंगी।

(3) मैं जर्मनी रवाना होने से पहले दिल्ली में डीएसटी द्‌वारा आयोजित की जाने वाली ब्रीफिंग बैठक में उपस्थित रहूँगा/रहूँगी।

(4) मैं आगे की यात्रा के लिए दिल्ली में टीम में शामिल होऊंगा/होऊंगी और डीएसटी द्‌वारा योजना के अनुसार दिल्ली वापस लौटूंगा/लौटूंगी और किसी भी व्यक्तिगत यात्रा कार्यक्रम के विस्तार के लिए प्रयास नहीं करूंगा/करूंगी।

(5) मैं बाद में किसी भी चरण में नामांकन वापस नहीं लूँगा/लूँगी।

(6) मैं समय सीमा के भीतर पूर्णता रिपोर्ट/या डीएसटी द्‌वारा अपेक्षित कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करूंगा/करूंगी।

(7) उपरोक्त शर्तों का पालन न करने पर, मैं डीएसटी द्‌वारा किए गए सभी व्यय वापस करूंगा/करूंगी।

स्थान:

तारीख: आवेदक के हस्ताक्षर

**संस्थान प्रमुख की अनुशंसा**

संस्थान प्रमुख के हस्ताक्षर, मुहर एवं संपर्क
विवरण (अर्थात टेलीफोन और ईमेल आईडी)

स्थान :

तारीख :

**उपाबंध-II**

**अनुशंसा पत्रों पर लिंडाऊ फाउंडेशन के दिशानिर्देश**:

प्रिय नामित भागीदार,

पिछले कुछ सालों में, हमने देखा है कि कई अनुशंसा पत्र मानक संस्करण के रूप में जारी किए गए हैं। इस कारण से, हम अनुशंसा पत्र की कल्पना कैसे करते हैं, इस पर कुछ दिशा-निर्देश प्रस्तुत करना चाहेंगे:

1. लंबाई: लगभग एक डीआईएन ए 4 पृष्ठ/एक मानक पत्र आकार एक पीडीएफ फाइल के रूप में प्रस्तुत करें।

2. भाषा: अंग्रेजी

3. उम्मीदवार की उपलब्धियों का विवरण जिसमें उम्मीदवार के सीवी में न पाए जाने वाले विवरण भी शामिल हो सकते हैं। नामनकर्ता संस्थान का विवरण आवश्यक नहीं है।

4. प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अलग-अलग पत्र, न कि कोई मानक पत्र जो सभी अभ्यर्थियों के लिए एक जैसा (या बहुत समान) हो।

5. पत्र ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा जाना चाहिए जो अभ्यर्थी को अच्छी तरह से जानता हो, जैसे मास्टर या पीएचडी थीसिस का पर्यवेक्षक।

कृपया ध्यान रखें कि अनुशंसा पत्र मूल्यांकन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कारक है और यह परिणामों को प्रभावित करता है।

हम आपके सहयोग की सराहना करते हैं और आपके नामांकन प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं।
भवदीय,

उपाध्यक्ष, लिंडाओ नोबेल पुरस्कार विजेता बैठक परिषद,
वैज्ञानिक अध्यक्ष, 74वीं लिंडाओ नोबेल पुरस्कार विजेता बैठक 2025